स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड

निगमित पर्यावरण नीति

हम, स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड (सेल), लोहे एवं इस्पात के विभिन्न उत्पादों को बनाते हैं। कम्पनी अपने भिलाई, दुर्गापुर, राउरकेला, बोकारो और बर्नपुर स्थित पाँच एकीकृत इस्पात कारखानों तथा लौह अयस्क, चूना पत्थर, डोलोमाइट और कोयले की निजी खानों सहित सेलम, दुर्गापुर और भद्रावती स्थित विशेष इस्पात कारखानों का प्रचालन करती हैं, साथ ही इसकी एक सहायक कंपनी 'एमईएल' चन्द्रपुर में स्थित है। हमारे पास समूचे देश में फैला हुआ विशाल विपणन नेटवर्क भी है।

सेल एक स्वच्छ तथा सतत पर्यावरण की दिशा में योगदान कर रहा है। यह अपनी व्यापार नीति तथा मूल्यों के एक अभिन्न अंग के रूप में अपने पर्यावरणीय कार्यनिष्पादन को निरंतर बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है। इस प्रतिबद्धता कोसाकार करने के लिए, हम :

- अपनी समस्त गतिविधियों में पर्यावरणीय प्रबंधन पद्धतियों को शामिल करेंगे।
- अपने कामकाज को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी के साथ सम्पन्न करेंगे ताकि हम लागू विनियमों और पर्यावरण पहलुओं से जुड़ी अन्य जरूरतों का पालन कर सकें तथा हम इससे कहीं ऊँचे प्रतिमान स्थापित कर सकें।
- लगातार स्वच्छतर और ऊर्जा बचाने वाली टेक्नोलॉजियाँ अपनाएंगे।
- अपशिष्ट सृन मे कमी लाएंगे और उसकी रिकवरी, पुनः प्रचलन और पुनः उपयोग को प्रोत्साहित करेंगे।
- अपने कारखानों और खानों में एवं इनके चारों ओर हरियाली और बढ़ायेंगे।
- चुनौतीपूर्ण लक्ष्य निर्धारित करके, उस दिशा में हुई प्रगति को आंकते हुए सुधारात्मक उपाय करेंगे और सभी संबंधित लोगों को पर्यावरण संबंधी जानकारी देकर पर्यावरण की दिशा में अपने कामकाज को निरंतर बेहतर करने के लिए प्रयास करेंगे।
- अपने कर्मचारियों में और कारखानों तथा खानों के इर्द–गिर्द बसने वाले आम लोगों के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ायेंगे।
- पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने व्यापार सहयोगियों को ऐसा ही दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

(एस.के. रूँगटा)

अध्यक्ष